FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : 7 — **विषय : संस्कृत**

PAPER CODE : 7053 — **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO – LS-713 - नए शब्दों के प्रति जिज्ञासा व्यक्त करते है और उसका अर्थ समझने के लिए शब्दकोश का प्रयोग करते है।

गतिविधि 1. अपने बारे में कहो

कथा वाचन कहना जिससे छात्र वाक्य कैसे निर्माण करेंगे उसे समझेंगे। अहं विद्यार्थी अस्मि। अहं आपणं गतवती। तत्र यानम् आनितवती। इसी प्रकार से छात्र सभी छात्रों को क्रम से लकार सहित वाक्य कहने को कहेंगे जिससे नये कथा का निर्माण होगा लकार (काल) का भी साथ में प्रयोग करते जाऐंगे। क्रमशः एक–एक छात्र एक–एक वाक्य का प्रयोग करता चला जाएगा।

नोट – सभी विद्यार्थी वृत्ताकार बैठकर एवं शिक्षक वृत्त के अंदर खड़े होकर खेल खेलेंगे।

गतिविधि 2. खेल–खेल में अव्यय

''पर्याप्त स्थान हो तो कक्षा में अथवा प्रांगण में विद्यार्थियों को खड़े होंगे।

स्थानवाचक अव्यय अंत, बहिः, पुरतः, आसितः, सर्वत्रः, अत्र, तत्र, कु, उपरि, अधः, पार्श्वे, पश्चात्, अग्रे, मध्ये आदि वाक्य के साथ क्रिया कलाप करके विद्यार्थी प्रदर्शित करेंगे, इसके लिए शिक्षक उचित निर्देशन प्रस्तुत करेंगे।

इसी प्रकार दो या अधिक वस्तुओं/विद्यार्थियों के साथ च, अपि, सह, अव्ययों के प्रयोग को समझाकर विद्यार्थियों को वाक्य प्रयोग के साथ क्रिया–कलाप करने के लिए निर्देशित करें। प्रत्येक विद्यार्थियों को अलग–अलग अव्ययों के प्रयोग के साथ अवसर दिये जाऐंगे।

आंकलन की प्रक्रिया –

नोट – सभी छात्रों का दो समूह बनाकर बनाना है। ग्रुप से जो विजेता होगा उसे विजय माना जाएगा।

गतिविधि 3. हॉ मैं बोल सकता हूं

शब्द लिखे गए कागज के टुकड़े को एक जुड़े डिब्बे में रखकर टेबल पर रख दे। टुकड़े के पाँच समूह होगे।

मूल शब्द, शब्दरूप, मूल धातु, धातु रूप तथा अव्यय (एक चक्र में एक समूह के टुकड़े रखे)

विद्यार्थी एक–एक कर एक टुकड़े उठायेंगे और उस पर लिखे शब्द को शामिल करते हुए एक सार्थक संस्कृत वाक्य बोलेंगे। इसी प्रकार एक चक्र पूरा होने पर अन्य शब्द समूहों के साथ पाँच चक्र तक पूरा करें।

आंकलन की प्रक्रिया –

क्र.	विद्यार्थियों के नाम	चक्र 1 मूलशब्द	चक्र 2 शब्द रूप	चक्र 3 मूल धातु	चक्र 4 धातु रूप	चक्र 5 अव्यय	कुल अंक
			योग				

खण्ड 'ब' (अंक 05)

LO – LS-715 - विभिन्न विषयों उद्देश्यों के लिए उचित व्याकरणिक तत्वों का उपयोग करते है।

गतिविधि 4. मैं भी जानता हूं

श्यामपट पर धातुरूप के अनुसार पुरूष वचन लिखे है। छात्र, टेबल में रखे बहुत सारे कार्ड में से एक कार्ड उठाऐंगे सही वचन, पुरूष पर, गिलास में रखे पानी से गिला कर चिपकाऐंगे। इस प्रकार से दो समूह में छात्र–छात्राओं को बैठाकर करते चले जाऐंगे, A, B समूह के सभी छात्र–छात्राओं को चक्र अनुसार अपने स्थान से उठकर आऐंगे और कार्ड उठाकर सही स्थान पर लगाऐंगे जिनका गलत होगा उन्हें अंक अर्जित नहीं होगा। प्रत्येक खेल में एक अंक निर्धारित होगा।

गतिविधि 5. संख्यावाची शब्द

श्यामपट पर अनेक संख्या लिखे होंगे शिक्षक प्रत्येक टीम से एक–एक छात्र बुलकार संख्या को संस्कृत में कहेंगे वह छात्र सुनकर उसका अन्वेक्षण करेगा उस संस्कृत में कहे गए संख्या का अन्वेषण कर उसे काटेगा यदि संख्या सही हुआ तभी उस टीम को अंक मिलेगा इसी प्रकार से यह चक्र चलता चला जाएगा, अंत में विजेता टीम को करताल ध्वनि से विजय घोषित करेंगे।

नोट – सभी विद्यार्थियों को अवसर मिलना चाहिए। तथा खेल का समय सीमा निर्धारित होगा प्रत्येक छात्र को 5 सेकंड

गतिविधि 6. लोक स्मरण

''शिक्षक डिब्बा में श्लोक लिखे पर्ची डालकर रखेंगे। घंटी बजाने पर डिब्बे में पर्ची रखा हुआ है। इस डिब्बे में पर्ची रखा हुआ है। इस डिब्बे से एक पर्ची उठाना है। श्लोक स्वराघात सहित जोर–जोर से पढ़ना है।

गतिविधि के चरण – सभी छः गोल घेरा बनाकर बैठेंगे शिक्षक जैसे ही घंटी बजाती है। तभी सभी छात्र उस डिब्बा को पास कर दूसरे छात्र को देगा जैसे ही घंटी बंद होगी तभी जिस छात्र के पास डिब्बा अंतिम में होगा वह उसमें से पर्ची निकाल कर सही उच्चारण के साथ जोर–जोर से पढ़ना है। फिर से यह खेल ऐसे ही खेला जाएगा। अंत में जो विजय घोषित करना है।

आंकलन की प्रक्रिया – छात्रों के उच्चारण दोष का निवारण कर उसके व्याकरण उच्चारण पर आंकलन करना।